INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 3rd Lang	**Department: Hindi**	**Date of submission: NA**
Question bank	**Topic: कल्लू हाथी**	**Note: Read and practice**

पाठ - कल्लू हाथी (Question bank)

प्रश्नोत्तर - मौखिक -

क. किस-किसने बाढ़ से बचने के लिए पेड़ का सहारा लिया ?

उत्तर: हशमत, सलीमा और कल्लू ने बाढ़ से बचने के लिए पेड़ का सहारा लिया ।

ख. हशमत के बीमार होने पर कल्लू ने उसकी मदद कैसे की ?

उत्तर : कल्लू ने बीमार हशमत के लिए रूपये कमाने का जरिया बनकर उसकी मदद की । बच्चे हाथी की सवारी करते और बदले में प्रत्येक सवारी के लिए एक रुपैया देते । बच्चे उनके लिए केलों का गुच्छा और फल लाए । इस तरह शाम तक हशमत के पास काफी पैसे जमा हो गए ।

लिखित -

क. हशमत और कल्लू की मुलाक़ात कैसे हुई ?

उत्तर: हशमत और कल्लू की मुलाक़ात बाढ़ के दौरान हुई । बाढ़ आने पर हशमत और सलीमा जान बचाने के लिए जिस पेड़ के ऊपर बैठे थे , कल्लू पानी में बहता हुआ उसी पेड़ के निचे आ गया ।

ख. कल्लू ने झोंपड़ी बनाने में हशमत की मदद किस प्रकार की ?

उत्तर : कल्लू ने इधर - उधर से भारी लकडियाँ लाकर और अपनी सूंड से मिट्टी की दिवार सीधी कर झोंपड़ी बनाने में हशमत की मदद की ।

ग. हशमत के बीमार हो जाने पर घर की दशा कैसी हो गई थी ?

उत्तर : हशमत के बीमार हो जाने पर घर की दशा अत्यंत दयनीय हो गई थी । घर में खाने की कमी हो गई थी । कल्लू को भी खाने को कुछ नहीं मिलता था । गरीबी के कारण सलीमा चिडचिडा हो गई थी ।

अतिरिक्त प्रश्न (Extra questions) :

1 कल्लू के साथ कौन खेलता था ?

उत्तर: कल्लू के साथ गाँव के बच्चे खेलते थे ।

2 हशमत और सलीमा क्या खा कर अपनी भूख मिटाते रहे ?

उत्तर : हशमत और सलीमा पेड़ के पत्ते खाकर अपनी भूख मिटाते थे ।

3 गाँव के बच्चे कल्लू के लिए क्या लाते थे ?

उत्तर : गाँव के बच्चे कल्लू के लिए गुड़ ,चावल, केले आदि लाते थे ।

4 बाढ़ आने पर हशमत अपनी पत्नी के साथ कहाँ बैठा था और क्यों ?

उत्तर : बाढ़ आने पर हशमत अपनी पत्नी के साथ पेड़ पर बैठा था क्योंकि गाँव में चारों ओर पानी ही पानी था ।

5 कल्लू कब ज़ोर-ज़ोर से चिंघाड़ता था ?

उत्तर : जब सलीमा अपने बच्चों को खाना देती और कल्लू को खाना नहीं देती तब कल्लू उदास आँखों से सलीमा की तरफ़ देखता और ज़ोर-ज़ोर से चिंघाड़ता था ।

6 मेले से लौटने के बाद हशमत ने सलीमा से क्या कहा ?

उत्तर : मेले से लौटने के बाद हशमत ने सलीमा से कहा कि पचास रुपए भी लाया हूँ , कुछ दिन तो निकल ही जाएँगे । जानती हो , ये सब अपने कल्लू के कारण ही मिला है ।

लिंग (Gender)

दिए गए वाक्यों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए |

1 चिड़ियाघर के शेर ने एक पुरुष को मार दिया |

= चिड़ियाघर की शेरनी ने एक महिला को मार दिया |

2 राम के पिताजी जयपुर गए हैं |

= राम की माताजी जयपुर गई हैं |

3 अतुल के बेटे ने मेले में हाथी की सवारी की |

= अतुल की बेटी ने मेले में हथिनी की सवारी की |

4 पंडित ने सेठ के घर पूजा करवाई |

= पंडिताइन ने सेठानी के घर पूजा करवाई |

5 माली ने बगीचे से फूल तोड़े |

= मालिन ने बगीचे से फूल तोड़े |

6 अध्यापक ने छात्र को पाठ पढ़ाया |

= अध्यापिका ने छात्रा को पाठ पढ़ाया |

व्याकरण तथा रचना :

उपसर्ग(Prefix)

दिए गए उपसर्गों से दो - दो शब्द लिखिए |

उप - उपदेश , उपकार

अन - अनजान, अनपढ़

अध - अधपका , अधमरा

निर् - निर्जन , निर्बल

कु - कुपुत्र , कुमार्ग

प्रत्यय (Suffix)

दिए गए प्रत्ययों से दो - दो शब्द लिखिए |

नी - मोरनी , शेरनी

आपा - मोटापा , बुढ़ापा

पन - अपनापन , बचपन

वाला - चायवाला , सब्ज़ीवाला

दार - दुकानदार , चौकीदार

शुद्ध वर्तनी लिखिए (Write correct spelling)g. no. k

अशुद्ध	शुद्ध
कतज्ञ	कृतज्ञ
बाड	बाढ़
परेसान	परेशान
चारपायी	चारपाई
सूगंध	सुगंध

1. सही विकल्प चुनिए (MCQ) (Choose the correct option):

क. वर्षा अधिक होने के कारण केरल राज्य किसकी चपेट में आ गया था ?

- सूखे की * बाढ़ की * महामारी की * अकाल की

ख. हशमत ने हाथी के बच्चे को क्या नाम दिया ?

- गज्जू * कल्लू * ऐरावत * कालू

ग. कल्लू हशमत को कहाँ ले गया ?

- सरकस * बाज़ार में * जंगल में * मेले में

घ. हशमत की बीवी का क्या नाम था ?

- सलीमा * गरिमा * सलमा * सुल्ताना

च . बाढ़ में हशमत और सलीमा कहाँ बैठे थे ?

- छत पर * मोटी डाल पर * चारपाई पर * बेंच पर

छ. हशमत और सलीमा क्या खाकर अपनी भूख मिटाते रहे ?

* इडली * डोसा * पत्ते * चना

ज. हशमत ने मेले में कितने रुपए कमाए ?

* एक सौ * दो सौ * पचास * बीस

2. सही शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए (Fil in the blanks with correct word):

क. -------- दिनों तक पानी नीचे न उतरा । (दो / चार)

ख. धीरे-धीरे ---------- का पानी कम हो गया । (नदी / बाढ़)

ग. कल्लू ----------- से बहुत प्यार करता था । (हशमत / सलीमा)

घ. कुछ --- हाथी की सवारी करने की ज़िद करने लगे । (लोग/ बच्चे)

ङ. पूरा केरल राज्य -------- की चपेट में आ गया । (बाढ़ / आग)

च. बच्चे हाथी देख ------------- बजाने लगे । (थालियाँ / तालियाँ)

छ. हशमत की -------------- बह गई । (झोंपड़ी / नाव)

ज. चारों तरफ -------------- था । (आग-ही-आग / पानी-ही-पानी)

ANSWER OF QUESTION NO. 1 (MCQ)

क. बाढ़ की ख. कल्लू ग. मेले में घ. सलीमा

च. मोटी डाल पर छ. पत्ते ज. पचास

ANSWER OF QUESTION NO. 2 (Fil in the blanks)

क. दो ख. बाढ़ ग. हशमत घ. बच्चे

झ. बाढ़ च. तालियाँ छ. झोंपड़ी च.पानी-ही-पानी

June, 2021

अनुच्छेद - 1. मेरा प्रिय पशु (HW)

2. मेला (Fete) (HW)

विज्ञापन - बालों के तेल के लिए (HW)